औद्योगिक विकास में सहायक विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जागरूकता कार्यक्रम (22-10-2021)

वैस्टर्न यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, बॉम्बे बाजार में उद्योगों से सम्बंधित सरकारी योजनाओं पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे इंडस्ट्री विभाग से श्री वीके कौशल जी (उपायुक्त उद्योग), श्रम विभाग से श्री राजीव कुमार जी (उपायुक्त श्रम) और प्रदूषण विभाग से डॉ योगेंद्र कुमार जी (क्षेत्रीय अधिकारी, यूपी प्रदूषण कंट्रोल विभाग) आदि पदाधिकारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इन्होने अपने-अपने विभाग से संबंधित अनेक सरकारी योजनाओं के बारे में उद्यमियों को अवगत कराया तथा इनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। इनमे मुख्य रूप से जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र द्वारा One District one Product scheme, सब्सिडी के लिए ODOP क्रेडिट लिंकेज, एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए त्वरित निर्यात प्रोत्साहन योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना तथा श्रम उपायुक्त द्वारा ई-श्रम पोर्टल और अनेक श्रमिक कल्याण योजनाओ के बारे में उद्यमियों को जानकारी दी तथा डॉ योगेंद्र कुमार (प्रदुषण विभाग) द्वारा भी प्रदुषण को रोकने के उपायों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर आदि क्षेत्रो के उद्यमी मौजूद रहे। इनमे मुख्य रूप से डॉ राम कुमार गुप्ता जी (अध्यक्ष), श्री शशांक जैन जी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्री शैलेन्द्र सिंह (असिस्टेंट कमिश्नर इंडस्ट्री) आदि उपस्थित रहे।